STR-3 HI

प्रकाशितवाक्य की किताब का कदम ब कदम अध्यन - प्रोग्राम 3

डॉ। जॉन एकरबर्ग : आज चार में से एक मसीही व्यस्क विश्वास करता है कि यीशु उनके जीवनकाल में लौट आएगा. प्रकाशितवाक्य की किताब का संदेश हम सब के लिए है जो भविष्य की परवाह करते हैं. इसमें यीशु मसीह के चर्च के लिए अन्तिम शब्द हैं, और महत्वपूर्ण सिद्धान्त हैं, जैसे कि रैपचर (उठाया जाना) दूसरा आगमन/ अन्तिम न्याय और ये भी दिखाता है कि शैतान और ख्रिस्तविरोधी का, और जो गलत आस्था में चलते हैं, उनके साथ अंत में क्या होगा/ यीशु भविष्य में होनेवाली घटनाओं के बारे में चेतावनी देता है. क्लेश्काल, हर्म-गिदोन का युद्ध/ और पृथ्वी पर उसका दूसरा आगमन/ इस किताब में वो हजार साल के बारे में बताता है, और अब तक जीवित हर व्यक्ति का अंतिम न्याय और परमेश्वर ने अनन्तकाल के भविष्य में अपने लोगों के लिए क्या योजना बनाई है,

आज, हम आपको प्रकाशितवाक्य की किताब से कदम ब कदम ले जाएगे. स्पष्ट और सटीक तरीके से, कि आप इसका संदेश समझ सके,परमेश्वर ने जिन भविष्य की घटनाओं के बारे में बताया है वो आनेवाली हैं, हम आपको न्योता देते हैं कि जुड़ जाए इस खास प्रोग्राम में द जॉन एन्करबर्ग शो में/

*****

डॉ। जॉन एकरबर्ग : हम चर्चा कर रहे हैं प्रकाशितवाक्य की किताब के बारे में और उन सारे सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं जो आप प्रकाशितवाक्य की किताब से पाना चाहते हैं, मेरे मेहमान हैं डॉक्टर जीमी डियोंग, ये भविष्यवाणी के विद्वान् हैं और ये 1993 से मध्य पूर्व में रहते हैं, ये हर इसरायली प्रधानमंत्री को जानते हैं, जिन्होंने अब तक ये पद सम्भाला है, उन्होंने उन में से हरएक की इंटरव्यू ली हैं, और ये संसार में होनेवाली घटनाओं के बारे में जानते हैं/ ये इन सारी घटनाओं को प्रकाशितवाक्य की किताब से जोड़ते हैं, सच तो ये है कि ये बुनियादी बातें हैं जिन में से चलकर दिखा रहे हैं प्रकाशितवाक्य की किताब से, जीमी उन लोगों के लिए जो पिछले कुछ हफ्ते चुक गए हैं, रो सारांश बताईये, याने रैपचर के बारे में बताईये और फिर दूसरा आगमन, अंतिम न्याय के बारे में बताईये और कहाँ पर क्लेशकाल आएगा, और ख्रिस्त विरोधी का उठाना, इन सारी बातों का सारांश बताईये/

डोक्टर जीमी डेयोंग: खैर आपने तीन मुख्य घटनाओं के बारे में कहा, रैपचर, मसीह का वापस आना, और महान श्वेत सिंहासन का न्याय/ यहाँ पर ये तीन खम्भे हैं, परमेश्वर इन तीन मुख्य घटनाओं के बारे में बताता है जो प्रकाशितवाक्य की किताब में बताए गए हैं, रैपचर अध्याय 4 वचन 1 से, और फिर 4 वचन 2 से 19:10 तक, 16 अध्याय में विवरण के साथ जानकारी दी गई हैं, सात साल के क्लेश के बारे में, ये खम्भा मसीह का पृथ्वी पर वापस आने को दर्शाता है, प्रकाशितवाक्य के अध्याय 19 के वचन 11 और अगले वचन, फिर अध्याय 20 में हम 1000 साल के बारे में देखते हैं, ये मिलेनियम राज्य के बारे में कहता है/ मसीह इस 1000 साल के समय में राज्य और अधिकार करेगा, लेकिन साथ ही शैतान बंधा हुआ होगा, तो पृथ्वी पर शान्ति होगी, ये

आखरी खम्भा याने तीन में से तीसरा, ये प्रकाशितवाक्य की किताब की तीसरी मुख्य घटना के बार में बताता है, जो महान श्वेत सिहांसन का न्याय है, प्रकाशितवाक्य अध्याय 20 वचन 11 से 15, और उसके बाद अनन्तकाल का भविष्य नया आकाश, नई पृथ्वी और नया यरूशलेम/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है ये सारांश है, हमने चर्चा की ही कि पहले अध्याय में मसीह के व्यक्तित्व के बारे में बताया गया है/ हमने देखा है चर्च को लिखे पत्र,अब चर्च को लिखे पत्र के बाद, प्रकाशितवाक्य की किताब में हम इस जगह पर आते हैं कि सबकुछ स्वर्ग कि और होता है, याने रैपचर हुआ लोग स्वर्ग में उठाए गए,और फिर पृथ्वी पर कुछ होता है, सात साल क्लेश्काल होता है और ये 7 मुहर से शुरू होता, जिसके बारे में प्रकाशितवाक्य की किताब में बताया गया है/ चलिए संक्षिप्त में देखते हैं कि हमने ख्रिस्त विरोधी के बारे में क्या देखा था, ख्रिस्त विरोधी का उठाना और पहली मुहर/

डोक्टर जीमी डेयोंग: जॉन, ये पहले मुहर का न्याय, याने 7 मुहर का न्याय/ सात के तीन सेट्स में से पहला/ ये पहले साड़े तीन साल में होते हैं और तुरंत ही, चर्च के रैपचर के बाद, सच में, घड़ी का समय बढ़ता है, इस सात साल के समय में जिसके बारे में दानिएल अध्याय 9 वचन 27 में बताया गया है/ जब ख्रिस्तविरोधी याने ये एक संसार का सरकारी, आर्थिक, राजनैतिक अगुवा, वो इस्राएल और उसके शत्रु के साथ शांति वार्ता पूरी करेगा,ए मनुष्य तो सफेद घोड़े पर है प्रकाशितवाक्य अध्याय 6 वचन 1 और 2 में, ख्रिस्त विरोधी मैं विश्वास करता हूँ कि वो अब इस पृथ्वी पर जीवित और अच्छा है, हरएक चीज़ जो हम इस संसार में होते हुए देखते हैं, खासकर यूरोपियन यूनियन जो कि नए बनाए गए रोमी शासन का ढांचा है, जो कि ख्रिस्त विरोधी को सामने लाएगा, वो तो इसी के आधार पर इस संसार पर नियन्त्रण करने की कोशीश करेगा इस क्लेशकाल के पहले साड़े तीन साल में, ये सब सेट है और ख्रिस्त विरोधी प्रकट होने केलिए तैयार है/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : क है, हमने इस पहली मुहर से शुरू किया, और ये कहता है कि ख्रिस्त विरोधी प्रकट होगा, ये मनुष्य सफेद घोड़े पर क्यों सवार है?

डोक्टर जीमी डेयोंग: इस सच्चाई के कारण कि उसके सिर पर मुकुट है और हाथों में धनुष्य है लेकिन तीर नही है, ये हमें जानकारी देता है, जो दानिएल 9:27 में पाया जाता है, कि वो शांति वार्ता को सहमती देता है, दस्तखत नही करता लेकिन उसे सहमती देता है और ख्रिस्त विरोधी को उस जगह पर होना चाहिए, इन पहले साडे तीन साल में की खास बात ये है जो हमने पिछले प्रोग्राम में बताया है, वो है ये झूठा चर्च जो रोम के इस हेडक्वार्टर होगा/ जब आप प्रकाशितवाक्य के अध्याय 17 को देखे आप शब्द पशु देखेगे, यही तो ख्रिस्त विरोधी का नाम प्रकाशितवाक्य की किताब में दिया है/ ये पशु शब्द अध्याय 17 में 8 बार उपयोग किया गया है, जो इस झूठी आस्था पर अधिकार करेगा, वो शुरू करेगा कि संसार उसकी आराधना करे, जैसे वो झूठी आस्था बनाता है/ यही ये बात है जब मुहर का न्याय खोला जाएगा/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, ये अपोकोलीपटीक साहित्य है लेकिन ये हमे सत्य बातें बताता है, परमेश्वर हम से बातें करने के लिए अपोकोलीपटीक भाषा का उपयोग करता है, हम इसे कैसे समझ सकते हैं?

डोक्टर जीमी डेयोंग: मैं विश्वास करता हूँ की वो अपोकोलीपटीक साहित्य का उपयोग करता है, वो इसे करता है दानिएल की किताब में, यहेजकेल, जकर्याह और प्रकाशितवाक्य में, क्योंकि हम सच में इसे नही समझ सकते हैं कि वो क्या कह रहा है/ और वो चिन्ह का उपयोग करता है, ये परीकथा नही है/ मनघडत कहानी नही, ये चिन्ह हैं जो सटीक सत्य बताते हैं/ चलिए सबको याद दिला दूँ अध्याय 1 में हम देखते हैं कि यीशु 7 सोने की दीवट के बिच खड़ा होता है और उसके हथों में 7 तारे होते हैं अब, अपोकोलीपटीक साहित्य का अर्थ बताने के

लिए, हमें केवल प्रभु के वचन को पढ़ते जाना है, जब आप अध्याय 1 के वचन 20 में आते हैं ये कहता है कि 7 तारे तो 7 चर्च के 7 दूत हैं और 7 दीवट तो 7 चर्च हैं तो इस तरह का उपमा का चित्र तो सब वचन के लिए लागू होता है जो हम प्रकाशितवाक्य में देखते हैं, जब वो चिन्हों का उपयोग करता है, अपोकोलीपटीक साहित्य कि न्याय के बारे में बताएं/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, मुझे ये पसंद है कि सारे वचन एक साथ चलते हैं, हमें बस पढना है, यदि यहेजकल ले,या दानिएल में, या जकर्याह ले या प्रकाशितवाक्य की किताब में और इन सबको एक साथ जोड़ दे,तो इन सच्चाई में से परिभाषा आएगी,बाइबल बताती है कि हम इसके बारे में कह रहे हैं/

डोक्टर जीमी डेयोंग: आप ने जो बताया वो तो 4 मुख्य किताबें हैं जॉन, और इनकी भविष्यवाणी गलव में हाथ जैसे फिट होती हैं, जैसे हम समझते हैं कि भविष्य के लिए परमेश्वर की योजना क्या है/ दूसरा पतरस अध्याय 1 वचन 20 कहता है कोई भविष्यवाणी व्यक्तिगत अर्थ के लिए नही है, ये एक और वचन का सिद्धान्त है जो हरएक को याद रखना चाहिए/ हम यहाँ एक वचन का उपयोग करते हुए दुसरे वचन को गलत नही बता सकते हैं, वो गलव में हाथ के जैसे फिट होने चाहिए, जैसे आपने कहा है/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है यीशु ये मुहर खोलता है और जैसे ये करता है तो न्याय करीब आता है, पहला तो ख्रिस्त विरोधी का उठाना,और दूसरा तो लाल घोड़े का सवार है इसका क्या अर्थ है?

डोक्टर जीमी डेयोंग: लाल घोड़े का सवार जाता है और सारे संसार में युध्द शुरू करता है/ याद रखिए यीशु मसीह ने कहा था कि युद्ध की अफवाए होगी,याने ऐसी जानकारी होगी जो संसार में सब को बताएगी कि किसी जगह पर युद्ध हो रहे हैं, हालही में मैं कोलंबस जॉर्जिया में प्रचार कर रहा था और वो तो मिलटरी का नगर है, मैंने कहा कि 57 मतभेद है जो संसार में किसी जगह पर चल रहे हैं उस समय, एक करनल जो हालही में वॉर कॉलेज से ग्रेजुएट हुए थे, पिल्सवेनिया से, वो मेरे पास आएं और कहने लगे डॉक्टर डियोंग मुझे आपको सही आकड़ा बताना होगा, मैंने क्या गलत कहा था, उन्होंने कहा कि 57 मतभेद हैं, मैं अभी वॉर कॉलेज से ग्रेजुएट हुआ हूँ और उन्होंने मुझे बताया कि 153 मतभेद चल रहे हैं, इस संसार में, ये अब हो रहे है, और देश जॉन, वो खुद को एक साथ ला रहे हैं इस्राएल एक एक यहूदी देश के विरुद्ध में,ये दूसरी मुहर यही है, ये मनुष्य जो लाल घोड़े पर है जो तलवार लिए आता है, कि पुरे संसार में युद्ध करें, ये देश अभी खुद को जोड़ रहे हैं कि इस्राएल देश पर हमला करे/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, आपने यहेजकल 38 से कहा, आपने वो पूरी कहानी बताई लेकिन फिर ये लिस्ट बताइए क्योंकि आपने कहा था कि यहेजकल 38 यहाँ सामने आता है, बहुत से लोग जानना चाहते है कि यहेजकेल 38 प्रकाशितवाक्य की किताब में कहाँ आता है/

डोक्टर जीमी डेयोंग: यहेजकेल 38 क्लेशकाल के समय के 7 साल के शुरू आता है,और मैं कुछ पल में इसके बारे में बताऊंगा, लेकिन चलिए मैं दुसरे अध्याय भी बताउं, अलग किताबों से जो देशों का एक साथ आने के बारे में भी बताते हैं/ दानिएल की किताब अध्याय 11 वचन 40 से 45 में, ये उत्तर के राजा के बारे में बताता है, और हम जानते हैं कि ये सीरिया है और दक्षिण का राजा तो मिस्र है, अब ये दो देश तो सबसे पहले इस्राएल के विरुध्द में काम करेगे, इसी वचन में ये कहता है, कि वो आएँगे उत्तर से, दक्षिण से, पूर्व से और पश्चिम से, फिर ये हमें यहेजकेल 38 में ले जाता है, और ये यहेजकेल 38 के वचन 2 में बताता है, मागोग देश के गोग में, गोग तो लीडर है और मागोग तो जगह है, हमारे पास समय नही है कि इस प्रोग्राम में सारा विवरण दे/ चलिए शार्टकट लेकर आपको बताउं मागोग तो वो देश है जो उस समय अस्तित्व में जब लेखक यहेजकेल ने ये किताब

लिखी थी,और ये तो कैस्पिन और काले समुन्द्र के उत्तर में है, जो आज के रशिया का भाग है/ साथ ही वचन दो में ये मेशेक और टुबल के बारे में बताता, वचन 6, गोमर और तोगर्मा, खैर ये तो बाइबल के 4 मुख्य क्वाटर हैं जिन्हें आज हम आधुनिक दिन के टर्की के रूप में जानते हैं, यहेजकेल 38 वचन 5 में वो पर्शिया के बारे में बताता है, 1936 तक पर्शिया जिसे आज हम जानते हैं इरान, अफगानिस्तान और दुसरे देश, इसका अर्थ है इथियोपिया या कुश आपकी बाइबल में होगा, जो कि इथियोपिया, सोमालिया, सूडान और फिर पुट या लीबिया, जो आधुनिक दिनों का लीबिया है, और यदि आप भजन 83 देखे,ये इसमें जोड़ता है सउदी अरेबिया और लेबनान/

ये देश जिनके बारे में मैंने अभी बताया है/ वो खुद को जोड़ेगे और मैं विश्वास करता हूँ कि पहले 6 महीनों में, क्लेशकाल के समय में, यहेजकेल 38 वचन 8 कहता है, वो इसे तब करेगे जब इस्राएल देश शान्ति में होगा, जब वो अपने हथियार रख देगे, वो बिना शहरपनाह के नगरों में रहेगे, यहाँ इस शब्दों का अर्थ है, वो अपने हथियार निचे रख देगे, याने वो देश में सुरक्षित रहेगे,ये कब होगा, केवल तब जब ख्रिस्त विरोधी ये शान्ति स्थापित करेगा, ये झूठी शान्ति, कुछ समय की शान्ति, लेकिन यहूदी विश्वास करेगे कि उनका मसीहा वापस आ गया है/ शान्ति आ चुकी है, वो अपने हथियार निचे रखे देगे, देश एक साथ आएगे, और फिर वो हमला करेगे, ये पहले 6 महीने में होता है, कलेशकाल के समय में/

यहेजकेल की किताब का अध्याय 39 वचन 2 ये कहता है, वो सारे देश मिटा दिए जाएंगे, अब जरा रुककर इसके बारे में सोचिए, हर देश जिसके बारे में मैंने बताया है जो सामान्य रूप में एक होकर आएं, जिन में रशिया नही हो सकता है, वो ये है कि ये अविश्वासी देश हैं, इसका अर्थ है कि अविश्वासी संसार क्लेशकाल के पहले 6 महीनों में पूरी तरह से काम करेगा, और यही मुख्य कुंजी है, याद रखिए ख्रिस्त विरोधी को, उसकी एक और जिम्मेदारी होगी, वो वहां होगा रोम इटली में, और संसार में एक ही झूठे चर्च को बनाएगा, और अविश्वासी आस्था झूठे चर्च के साथ मिलकर काम नही करेगी, ख्रिस्त विरोधी उसे जगह पर रखेगा, उन्हें संसार के चित्र से निकाला जाएगा, कि वो झूठा चर्च क्लेशकाल के पहले साडे तीन साल में काम करे/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, दानिएल 11, यहाँ दुसरे देश हैं, यहेजकेल 38 में,वो बहुत गडबडी करते हैं वो इस्राएल के विरूद्ध में आते हैं और परमेश्वर इस्राएल की रक्षा करता हैं, लेकिन ऐसे दिखता है कि तीसरी मुहर हमें परिणाम देती है, याने सेना इकट्ठी होती है और युद्ध होते हैं क्योंकि अब तीसरी महर तो पुरे संसार में अकाल है, पुरे संसार में भोजन सप्लाय नाश होगा, याने पुरे संसार में भूख होगी/

डोक्टर जीमी डेयोंग: जानते हैं हु, वर्ल्ड हैल्थ आर्गेनाईजेशन ने कहा है कि संसार की आधी जनसंख्या तो पेट भर खाना खाए बिना ही सो जाती है/ ये कहते हैं कि हर सातवे सेकण्ड में, हर 7 सेकण्ड में,एक बच्चा भुखमरी के कारण मरता है/ हमें जानना होगा कि हम इस भूमिका में कहाँ हैं/ धनी लोग, जो धनी माने जाते हैं, कि कैसे लोग भुखमरी के कारण मरते हैं, देखिए अब ये हो रहा है, और फिर ये चौथी मुहर, और वो है मृत्यु, पृथ्वी की जनसंख्या का एक चौथाई भाग़, अब वर्तमान में 6 बिलियन लोगों की जनसंख्या है याने कहिए की 1 पॉइंट 5 बिलियन लोग,वो मर जाएंगे,युद्ध के कारण, अकाल के कारण, ये सब जो हो रहा है उसके कारण/ उसके बाद, विश्वासी लोगों को शहीद किया जाएगा, अब चर्च याने विश्वासी जो रैपचर में उठाएं गए हैं, लेकिन इस समय के दौरान वो दो गवाह होगे जिसके बारे में चर्चा की है, दो गवाह और बहुत से दुसरे लोग पृथ्वी पर याने यहूदी और अन्यजाती वो मसीह को जानेगे, उन में से बहुतों को शहीद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने पशु का चिन्ह नही लिया है और फिर स्वर्ग में, उस जगह पर आना, ये एकोलोजिकल न्याय है/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, हम अब ब्रेक लेगे, और फिर इसे देखेगे, क्योंकि अब हम क्लेशकाल के मध्य में आएं हैं हम इस ख्रिस्त विरोधी के बारे में चर्चा करना चाहते हैं, ये संसार क अ अगुवा जो किसी कारण से

इस्राएल में जाता है और वो भवन में जाता है और वो दावा करता है कुछ अविश्वसनीय बातें, हम इस पर चर्चा करेगे, हम जल्दी ही लौट आएगे तो बने रहिए/

*****

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, हम वापस लौट आएं, दोस्तों प्रभु ने हमें प्रकाशितवाक्य की किताब दी है, उसने ये विश्वासियों को दी कि हम समझ सके कि हम इतिहास में किस भूमिका में हैं और हम चर्चा कर रहे हैं याने जब चर्च को उठा लिया जाएगा, तब परमेश्वर पृथ्वी पर क्या करेगा, हमने मुहर के न्याय के बारे में चर्चा की है हम इसे खत्म करेगे, और फिर हम चर्चा करेगे कि ख्रिस्त विरोधी यरुशलेम के भवन में आता है, और हम एकोलोजिकल न्याय के बारे में चर्चा करेगे, और भी कुछ अद्‌भुत चीज़े है जो परमेश्वर ने कही है, दोस्तों, आप कह रहे होगे, जीमी आप क्यों कह रहे हैं कि इस्राएल के बारे में बड़ी बात क्या है? और क्यों संसार के सारे देश अंत में वहां जाकर इस्राएल पर हमला करेगे?

डोक्टर जीमी डेयोंग: जानते हैं परमेश्वर ने यहूदी लोगों से प्रतिज्ञा की है, सच में उसने 4 प्रतिज्ञाएँ की हैं, अब्राहम की वाचा, भूमि की वाचा, दाउद की वाचा और नई वाचा उसकी योजना थी जो उसे यहूदी लोगों के साथ पूरी करनी है, और उसे स्थिर और सच्चा रखने के लिए, उसने यहूदी लोगों के साथ प्रतिज्ञाए की हैं, ये प्रतिज्ञाएँ पूरी होनी चाहिए, उदाहरण के लिए भूमि की वाचा ये भूमि की वाचा यहूदी लोगों को गैरंटी देती है कि उनके पास आज से दस गुना ज्यादा रिअल इस्टेट होगी/ और इसमें आधा मिस्र है, सारा इस्राएल, सारा लेबनोन, सारा सीरिया, सारा जोर्डन इराक का तीन चौथाई, सारा कुवेत, और सउदी अरेबिया का तीन चौथाई/

और जब आप इसके बारे में सोचते हैं, यही पर परमेश्वर ने यहूदी लोगों को प्रतिज्ञा दी थी इसका अर्थ है कि आप इस केस को समझ सकते हैं कि ये देश जिन के बारे में चर्चा की है या देशों का एक साथ आना, वो तो यहूदी लोगों के विरुद्ध में जाना चाहते हैं, वो परमेश्वर के चुने हुए लोग हैं/ उसने उन्हें केवल ये देश का ही वादा नही किया है उसने उन्हें एक राज्य का वादा किया है, और वो राज्य आएगा/ अवश्य ही यीशु मसीह इस पृथ्वी पर वापस आने के बाद, इसलिए ये सारे न्याय हो रहे हैं , ये अन्यजाती की वर्ल्ड पावर अपने घुटनों पर लाई जानी चाहिए, वो यीशु आने से पहले खत्म की जाएं और पिता परमेश्वर वो सारी प्रतिज्ञाएँ पूरी कर सकता है जो उसने यहूदी लोगों से की थी/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, बहुत सी चीज़े हो रही हैं मनुष्य के संबंध में लेकिन साथ ही आत्मिक युद्ध भी चल रहा था,हम यहाँ प्रकाशितवाक्य की किताब से देख रहे हैं, जो आत्मिक युद्ध चल रहा है उसके बारे में बताइए, और पृथ्वी के साथ जो हो रहा है उसके संबंध में ये कैसे काम करता हैं/

डोक्टर जीमी डेयोंग: याद रखीए, मैंने कहा था कि पहले साडे तीन साल की बात, इस क्लेशकाल के बिच/ वो झूठा चर्च होगा, वेश्य कहा गया है बाइबल में, ये हमारे लिए बताया गया है प्रकाशितवाक्य की किताब अध्याय 17 में, अध्याय 17 वचन 5, कहता है बेबीलोन, जो सारी वेश्याओं की माता है, यहाँ वेश्य शब्द आया है ये अपोक्लिपटीक साहित्य है, याद रखिए, हम लोग जो मसीह को उद्धारक और प्रभु के रूप में जानते हैं, हम उसकी दुल्हन हैं, हमारा विवाह यीशु मसीह से होगा, ये तो उलटा शुद्ध कुवारी, भली स्त्री के, जो वेदी के पास

आएगी कि विवाह करे, नही, ये तो एक वेश्या है, एक वेश्या, अशुद्ध, जो कुवारी स्त्री नही है/ ये झूठे चर्च के बारे में अध्याय 17 में बताता है/

ख्रिस्त विरोधी सामर्थ में आता है, रोमी साम्राज्य को एक करता है, वो मुख्य भूमिका निभाता है ये अध्याय 17 वचन 3 में इसके बारे में बताता है, प्रकाशितवाक्य के युहन्ना ने जो देखा कि एक पशु है जिसके दस सींग हैं और सात सिर हैं, दस सींग तो नया बनाया गया रोमी साम्राज्य है, और ये बताया गया है अध्याय 17 के वचन 12 में, वचन 9 कहता है, ये सात सिर याने ये 7 पहाड़ होगे, जिस पर ये स्त्री बैठेगी, जब युहन्ना ने ये किताब 95 ए डी में लिखी थी, वो रोम के शहर के बारे में कह रहा था/ याने अंतिम समय में रैपचर के बाद याने पहले साडे तीन साल के समय में, झूठा चर्च तो रोम के शहर में हेडक्वार्टर होगा/

खैर इन सादे तीन साल के अंत में, ये नया रोमी साम्राज्य उठ खड़ा होगा, ये है वचन 16 वो उस झूठे चर्च को नाश कर देगे,अध्याय 17 का वचन 17 बहुत ही दिलचस्प सिद्धान्त है, ये कहता है कि परमेश्वर दुष्ट लोगों के दिल में रखेगा, याने उस समय के संसार के अगुवों में, कि उसकी इच्छा रखे,यही झूठे चर्च का विनाश होगा

फिर ख्रिस्त विरोधी रोम से निकलकर, याने जहाँ पहले हेडक्वार्टर था, यरूशलेम के शहर में आता है, और यरूशलेम के शहर में वो भवन में जाता है, जिसे फिर से बनाया गया है, और वो भवन के पहाड़ पर खड़ा होगा, यरूशलेम में, बाइबल हमें बताती है दानिएल अध्याय 9 वचन 27 में, कि उजाड़नेवाली घृणित वस्तु होगी, यीशु इसकी शाश्वती देता है, मत्ती 24:15 में, जब उसने कहा कि जब तुम उजाड़नेवाली घृणित वस्तु देखोगे, जिसके बारे में भविष्यवक्ता दानिएल ने कहा था, तो भागो दूसरा थिस्सलूनुकियों कहता है कि ख्रिस्त विरोधी, भवन में आता है और महा-पवित्र स्थान में बैठता है और परमेश्वर होने का दावा करता है/ यशायाह 14 भी यही कहता है, जब लुसिफर शैतान बन गया, उसने कहा यरूशलेम में मेरी आराधना की जाएगी/

यही केस होगी, याने सारे वचन में, यहाँ तक प्रकाशितवाक्य अध्याय 11 वचन 1 में, ये कहता है कि एक भवन होगा, याने क्लेशकाल के बिच के समय तक, ये सबकुछ सही होगा, क्योंकि ये सारी तैयारी जो की गई है कि वो यरूशलेम के उस भवन में खुद को रखे, भवन के उस पहाड़ पर, जिसे ख्रिस्त विरोधी भ्रष्ट करेगा/ और फिर उस समय, वो ख्रिस्त विरोधी, झूठे भविष्यवक्ता को अनुमति देगा कि वो उसकी प्रतिमा को महा-पवित्र स्थान में लगाएं, वो इस प्रतिमा को चले और बोलनेवाली बनाएंगे, प्रकाशितवाक्य के अध्याय 13 में ये वचन 12 से शुरू होता है, वहां चमत्कार, चिन्ह, चमत्कार और अद्‌भुत काम, ये तो मुख्य घटक हैं इस झूठे चर्च और ख्रिस्त विरोधी की आराधना में, लेकिन उस समय यीशु मसीह इन सबको होते हुए देख रहा है और ख्रिस्त विरोधी दूसरी जगह पर जाता है, यरूशलेम के नगर से अलग, कि संसार में एक ही आर्थिक, राजनैतिक सरकारी शासन प्रणाली हो/

डॉ। जॉन एकरबर्ग :   ठीक है, वो रोम से यरूशलेम में आता है, चलिए बकी कहानी को देखते है/

डोक्टर जीमी डेयोंग: वो वहां जाता है जिसे हम अधुनिक दिन का इराक जानता हैं, वो एक असली शहर में जाता है प्रकाशितवाक्य अध्याय 18 में हम देखते हैं, नाम है बेबिलोन/ अध्याय 18 में बेबीलोन शब्द 3 बार उपयोग किया गया है, शहर शब्द 6 बार उपयोग किया है/ महान शब्द का उपयोग 8 बार किया गया है, प्रकाशितवाक्य अध्याय 18, बेबीलोन के महान शहर के बारे में कह रहा है/ वो तो हेडक्वार्टर होगा अंतर राष्ट्रिय आर्थिक,राजनैतिक सरकारी सिस्टम के जिसका मुखिया ख्रिस्त विरिधि होगा,जो आखरी सादे तीन साल में काम करेगा क्लेशकाल में याने यीशु मसीह के पृथ्वी पर वापस आने से पहले/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है इस मुहर के न्याय में ये तो भूकंप से खत्म होता है, और बहुत से लोग खत्म होते और मरते इस पृथ्वी पर, इस मुहर के न्याय के थोड़े समय में ही/

डोक्टर जीमी डेयोंग: जी, देखिए, पहले साडे तीन साल में पृथ्वी की एक तिहाई जनसंख्या मारी जाएगी/ और ये एक तिहाई याने आज की जनसंख्या के हिसाब से 1 पॉइंट 5 बिलियन लोग होगे, और आखरी साडे तीन साल में एक तुरही के न्याय में, एक तिहाई मरे जाएगे, जो कि और 1पोइन्ट 5 बिलियन लोग होगे, ये तो पृथ्वी की आधी जनसंख्या है, जो मर जाएगी, इस न्याय के भयानक समय में, यहाँ इस पृथ्वी पर/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है/ हम क्लेशकाल के मध्य में आए हैं, और कलेशकाल के मध्य से, हम इस तुरही के न्याय में जाएगे, ये तो वो सच्चे न्याय हैं जो इस पृथ्वी पर आएगे, ये तो सच में विश्वास नही होता है/ इसलिए दोस्तों हम चाहते है कि हमारे साथ में जुड़ जाए जैसे हम चर्चा करना चाहते हैं एलियन इन्बेजन पर, ये तो पृथ्वी पर होगा, देखिए प्रकाशितवाक्य की किताब इसे बहुत ही स्पष्ट बताता है, आशा करता हूँ कि आप फिर जुड़ जाएगे और इसे हमेशा के लिए याद रखेगे/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्न् द्यद्द ठ्ठड़ड़ढद्रद्य ख्ड़ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्द्दध्र्.द्दद्धढ़

@JAshow.org

क्द्दद्रन्द्धत्ढ़ण्द्य 2017 ऋच्ङक्ष्